## घर से उठाया जाएगा कचरा, क्यूआर से होगी निगरानी

### बैठक में शहर विकास के कई मुद्दों पर बनी सहमति, माधव भवन का होगा जीर्णोद्धार

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** डोर टू डोर घर से कचरा उठाया जाएगा और घर से निकलने वाले कचरे की निगरानी घरों के आगे क्यूआर कोड़ लगाकर की जाएगी। यह बात शुक्रवार को नपा सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान नगरपालिका नीरज मनोरिया पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहीं। इस दौरान उन्होंने इस कार्य के बारे में और विस्तार से बताया, साथ ही नगर विकास के विभिन्न मुद्दे पर आम सहमति बनते हुए कई प्रस्तावों पर मोहर लगाई गई।

प्रेस वार्ता के दौरान नपाध्यक्ष श्री मनोरिया ने बताया कि परिषद ने आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों को गंभीरता से लेते हुए, इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एजेंसी नियुक्त की जाएगी, जो कचरा उठाने का कार्य करेगी। इस प्रकिया से जहां नगरपालिका भार एक साल में एक करोड़ से अधिक कम होगा, तो वहीं नियमिति साफ-सफाई होने के साथ ही नगर स्वच्छ दिखाई देगा। साथ ही उन्होंने बताया कि इस प्रस्ताव के मोहर लगने के बाद जल्द से इसके टैंडर किये जायेगें। वहीं बैठक में आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वदेशी अपनाओ और देश बचाओ का संकल्प लिया गया। साथ ही स्थानीय और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में एक पहल है। इसके अलावा वन नेशन वन इलेक्शन के केंद्र सरकार के इस प्रमुख नीतिगत विचार के समर्थन में प्रस्ताव पास किया, जिसके तहत लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए जाने की योजना पर सहमति व्यक्त की गई। प्रेसवार्ता के दौरान पार्षद प्रमेन्द्र तायडे जॉर्ज, महेंद्र भारद्वाज, विपिन शिवहरे मौजूद रहे।




**क्षतिग्रस्त सड़कों की होगी मरम्मत:** प्रेसवार्ता के दौरान पीआईसी की बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय के बारे में बताते हुए कहा कि परिषद द्वारा शहर की खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत कार्य कराये जाने पर सर्वसम्मति बनी। जिसके तहत शहर की खस्ताहाल सड़कों का मरम्मत की जाएगी, इस कार्य के लिए करीब 4 करोड़ की लागत आयेगी। जिन मार्गों को डामरीकरण हेतु चुना गया है, उनमें राजमाता चौराहा से अस्पताल चौराहा, अंडर ब्रिज होते हुए एचडीएफसी चौराहा सहित अन्य क्षतिग्रस्त सड़के शामिल है।

**माधव भवन, अंबेडकर भवन का होगा जीर्णोद्धार:** प्रेसवार्ता के दौरान नपाध्यक्ष श्री मनोरिया ने बताया कि परिषद की बैठक में माधव भवन के जीर्णोद्धार किये जाने पर बनी सहमति के बारे में बतायास। इस दौरान बताया गया कि शहर के माधव भवन जो संभवत: अशोकनगर का कोई महत्वपूर्ण भवन, सामुदायिक केंद्र या ऐतिहासिक स्थल होगा का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके अलावा अंबेडकर भवन के वॉउड्रीवॉल बनाने, गेट लगाने और रामलीला मंच पूर्ण करने की बात कहीं गई।

## सेल्फ स्टडी से अक्षत ने पाया मुकाम, कॉल इंडिया कंपनी में किया टॉप

**नवभारत न्यूज**

**शाढौरा।** नगर के होनहार युवक अक्षत भार्गव ने केंद्र सरकार की महारत्न कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (CIL) में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है। शाढोरा के निवासी सूर्यकांत भार्गव के बेटे अक्षत भार्गव ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से पूरे देश में जिले का नाम रोशन किया है। अक्षत के माता पिता दोनों सूर्यकान्त भार्गव और लता भार्गव दोनों स्वास्थ विभाग में शासकीय सेवा में हैं।

हाल ही में महारत्न कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में अक्षत ने विधिक अधिकारी Legal Officer के पद के लिए अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम रैंक हासिल कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। अक्षत प्रारंभ से ही एक मेधावी छात्र रहे हैं। उनकी दूरदर्शिता का परिचय तभी मिल गया था, जब माध्यमिक कक्षा के बाद जहां अन्य छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों को चुना, वहीं वे अपने स्कूल में विधि के क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले अकेले छात्र थे।



अपनी इसी रुचि को लक्ष्य बनाकर उन्होंने पहले प्रवेश परीक्षा MH CET उत्तीर्ण की और पुणे के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से BALLbस्नातक की डिग्री हासिल की। वे अपने विश्वविद्यालय के टॉपर भी रहे। स्नातक की पढ़ाई के दौरान भी उनका अथक परिश्रम जारी रहा और उन्होंने IB, SSC, Judge dvocate general, CDS जैसी कई अन्य प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सफलता का परचम लहराया। अपनी इस यात्रा को और भी विशिष्ट बनाते हुए उन्होंने दिल्ली स्थित इंटरनेशनल विश्वविद्यालय साउथ एशियन यूनिवर्सिटी ऱ की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर मास्टर्स के लिए भी स्थान पक्का किया। अक्षत की इस सफलता की सबसे खास बात यह है कि इन 5-7 वर्षों की कठोर तैयारी के दौरान उन्होंने किसी भी कोचिंग संस्थान का सहारा नहीं लिया और सेल्फ स्टडी के बल पर ही यह मुकाम हासिल किया है। इस पर अक्षत के मित्रों परिजनों शाढौरा के लोगों और प्रारंभिक विद्यालय द्रौपदी पब्लिक के बृजकिशोर शर्मा ने बधाई दी है।

## एक नजर में

### 23 अक्टूबर भाईदूज पर रहेगा अवकाश

**अशोकनगर।** कलेक्टर द्वारा वर्ष 2025 हेतु जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किये गए थे। जारी घोषित अवकाश के तहत भाईदूज 23 अक्टूबर 2025 को सम्पूर्ण जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा। उक्त अवकाश जिले के कोषालय/उपकोषालय के लिये लागू नही रहेगा।

### प्रेक्षक ने किया मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण

**अशोकनगर।** मप्र राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों की फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण की कार्यवाही के पर्यवेक्षण कार्य हेतु एआरएन गुप्ता रा.प्र.से. (सेवा निवृत्त) को प्रेक्षक नियुक्त किया है। नियुक्त प्रेक्षक श्री गुप्ता द्वारा शुक्रवार को मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण अंतर्गत नगर परिषद पिपरई के बार्ड क्रमांक 15 का निरीक्षण किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत भादोन का निरीक्षण किया गया। उन्होंने मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए।

### दीपावली पर बन रहे विशेष योग

**अशोकनगर।** यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशनलाल मिश्रा के सानिध्य में मनाया जा रहा है। 18 अक्टूबर शनिवार को पांच दिवसीय व्रत महोत्सव का पहला दिन धन त्रयोदशी व्रत महोत्सव प्रारंभ हो रहा है, जिसमें उन्होंने बताया कि इस दिन सर्वप्रथम वृद्धि योग बन रहा है, पांच के बजाय 6 दिन का उत्सव होगा। द्वितीय ब्रह्म योग बन रहा है, तृतीय इंद्र योग बन रहा है, चतुर्थ वैधृति योग बन रहा है, पांचवा बुद्धादित्य योग है, ऐसे अवसर पर धन त्रयोदशी में सभी मुहूर्त बने हुए हैं। जिसमें दोपहर 11:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक सभी शुभ मुहूर्त है, पूजन का मुहूर्त शाम 6:00 बजे से 7:30 बजे तक एवं 9: 00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक पूजन का शुभ मुहूर्त है। इसमें चांदी के नवीन लक्ष्मी गणेश मूर्ति घर पर लाना शुभ है तथा सोना, चांदी, बर्तन, कपड़े, दुकान, मकान, प्लांट, जमीन इत्यादि खरीदने के मुहूर्त बने हुए हैं। अभिजीत मुहूर्त से लगाकर मुहूर्त का समय बहुत शुभ है। इसमें धन के देवता, धनवंतरी तथा गणेश लक्ष्मी का पूजन भगवान शिव का अभिषेक पीपल, पूजन शाम को सरसों के तेल का दीपक पीपल वृक्ष के पास रखें। लक्ष्मी गणेश के यहां घी का दीपक जलाएं माना जाता है, ऐसा करने पर घर में सुख शांति और लक्ष्मी की विशेष कृपा बनी रहती है।

### आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विधानसभा सम्मेलन आयोजित

**मुंगावली।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में शुक्रवार को रेलवे स्टेशन रोड़ निजी गार्डन में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विधानसभा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें भारत की आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को साकार करने एवं स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा हुई। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप मे जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी उपस्थित रहें। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने की। इस दौरान मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा गढ़ रहा है, उन्होंने कहा कि आत्म भारत अभियान केवल आर्थिक सशक्तिकरण का प्रतीक नहीं बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय गौरव और संस्कृतिक स्वाभिमान से जुड़ा हुआ। जन आंदोलन है कोई भी सरकार इसलिए नहीं बनती कि व्यापार करे, पैसा कमाए ,बल्कि जनता का कल्याण करें कोई अशक्त हैं। उसको सहारा दे उसका हाथ पकड़ कर उसको चलाए यह होती है आत्मनिर्भर भारत संकल्प कोई भी राष्ट्र परिवार मजबूत हैजिसके सारे सदस्य अपने पैरो पर खड़े हो। तो वहीं पूर्व मंत्री और विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री की नेतत्व में भारत अब विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तीसरे स्थान की ओर बढ़ रहा है उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का रस्ता गांव, गरीब, किसान, महिला ओर युवाओं से होकर गुजरता है जबसे हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा देश की बाग डोर संभाली है।

## जुआ के फड़ पर कचनार पुलिस ने मारा छापा

### विधायक प्रतिनिधि सहित 10 लोग गिरफ्तार, नगदी सहित सामान जब्त

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कचनार पुलिस द्वारा शुक्रवार को एक जुआ के फड़ पर छापामार कार्रवाई करते हुए दस लोगों को रंगे हाथो गिरफ्तार किया। साथ ही उनसे करीब चार लाख रूपये की मशरूका जब्त की गई है। बताया जा रहा है कि जहां पर जुआ का फड़ संचालित हो रहा था, वह घर क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि का था, जिसे भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

दरअसल दीपावली पर्व को दृष्टिगतरखते हुये पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारियों को अवैध जुआ, सट्टा एवं अनैतिक गतिविधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु करने के लिए निर्देशित किया है। इसी के तहत विगत रात्रि पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भादौन मे सूरजभान यादव के मकान पर कुछ लोग इक्कटे होकर ताश के पत्तो से रूपयो से हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है, सूचना पर एएसपी और एसडीएम विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कचनार उप निरीक्षक पूनम सेलर, चौकी प्रभारी भादौन उप निरीक्षक सुनील पुरवैया ने अपनी टीम के साथ मुखविर द्वारा बताये गये स्थल पर छापा मारा, जहां आरोपी ताश की गड्डी से हार जीत का दाव लगाते हुए रंगे हाथो पकड़े गए।



**विधायक प्रतिनिधि सहित दस लोग गिरफ्तार:** जुआ खेलते हुए जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें सूरजभान यादव को क्षेत्रीय विधायक ने भादौन का प्रतिनिधि नियुक्त किया था जिसे पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए उसके साथ विक्रम पुत्र तोरन सिंह यादव निवासी ग्राम बर्रा पिपरिया, संजीव पुत्र जानकी लाल शिवहरे निवासी ग्राम अथाईखेडा, इरफान पुत्र सलीम बेग निवासी ग्राम सावन, महेन्द्र पुत्र मुन्नालाल बंजारा निवासी ग्राम श्यामपुर, कुलदीप शर्मा निवासी ग्राम अथाईखेडा, राहुल कुर्मी पुत्र रामबाबू कुर्मी निवासी गणेश कालोनी अशोकनगर, रहीश उर्फ लहीका पुत्र नूर खांन निवासी ग्राम सावन, आनंद शर्मा पुत्र शंकरलाल शर्मा निवासी ग्राम सावन, पुरुषोतम शर्मा पुत्र सचिन शर्मा निवासी ग्राम अथाईखेडा को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इनसे 49,300 रुपये नगदी, 8 मोबाईल कीमती करीबन 95,000 रूपये एवं 3 मोटरसाईकिल एवं 1 स्कूटी कीमती करीवन 2,45,000 रुपये कुल मसरुका 3,89,300 रूपये को जब्त की है। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक लखन सिंह, आरक्षक सुनील पाल, दिनेश बारेला, प्रधान आरक्षक योगेन्द्र जाट, महेन्द्र लोधी, गजेन्द्र यादव, रविन्द्र गुर्जर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## स्वास्थ्य विभाग की परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की परामर्शदात्री समिति बैठक का आयोजन कार्यालय पर किया गया। जिसमें मप्र राज्य कर्मचारी संघ, अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा, मप्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ एवं लघु वेतन कर्मचारी संघ मप्र के पदाधिकारी सम्मिलित हुये।

इस दौरान पिछली बैठक के विन्दुओं के निराकरण के संबंध में चर्चा की गई तथा पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्राप्त आवेदनों का निराकरण हेतु विन्दुबार चर्चा की। साथ ही बडे हुए मंहगाई भत्ते के एरियर की किस्त निकाली जाने तथा कर्मचारियों के वेतन हेड संख्या 0621 में कई बर्षो से एचआर बजट नही होने से कर्मचारियों को एचआर का लाभ नही मिल पा रहा है इसका निराकरण करने, सेवानिवृत कर्मचारियों के स्वतवों के भुगतान की कार्यवाही की बात कहीं गई। इस बैठक में संबंधित अधिकारी, कर्मचारी तथा संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## स्वास्थ शरीर ही सच्चा धन : सचिन

**शाढ़ौरा में धनवंतरि पूजन कार्यक्रम संपन्न**

**द्रोपदी पब्लिक स्कूल में हुआ कार्यक्रम**

**नवभारत न्यूज**

**शाढ़ौरा।** द्रौपदी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में आरोग्य भारती जिला अशोकनगर इकाई शाढ़ौरा के तत्वावधान में भगवान धन्वंतरि पूजन का भव्य आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आयुष मेडिकल ऑफिसर दीपक रघुवंशी तथा मुख्य अतिथि आयुष मेडिकल ऑफिसर सचिन जैन उपस्थित रहे। जिला सचिव आरोग्य भारती बृजकिशोर शर्मा ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यालय के प्राचार्य एवं सहायक संचालक हिमांशु उपाध्याय सहित सभी शिक्षकगण और विद्यार्थी श्रोताओं के रूप में उपस्थित रहे।




इस दौरान मुख्य अतिथि सचिन जैन ने समुद्र मंथन की कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार भगवान धन्वंतरि जी प्रकट हुए और उन्होंने आरोग्य का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आरोग्य ही परम धन है, यदि शरीर स्वस्थ है तो वही सच्चा धन है। वहीं मुख्य वक्ता दीपक रघुवंशी ने धनतेरस का वास्तविक अर्थ बताते हुए कहा कि आज के युग में लोग इसे केवल भौतिक धन से जोड़ते हैं, जबकि इसका सच्चा अर्थ आरोग्य है। उन्होंने कहा, सबसे पहले हमें यह समझने की आवश्यकता है कि असली धन हमारा शरीर है। जब शरीर स्वस्थ है, तभी जीवन में सभी सुख संभव हैं। तो वहीं बृजकिशोर शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मानव शरीर को जैसे चाहें वैसे ढाला जा सकता है। आयुर्वेद हमारी प्राचीन और दिव्य चिकित्सा पद्धति है, जो देवताओं के काल से चली आ रही है।

## संविदाकर्मीयों ने की नियमितीकरण की मांग

**कलेक्टर और विधायक को सौंपा ज्ञापन**

**मांग पूरी न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** यूनाइटेड फोरम फॉर पावर इम्प्लाइज एवं इंजीनियर्स के तत्वाधान मे विधुत विभाग के 10 वर्षों से जुड़े संविदा कर्मियों ने कलेक्टर एवं क्षेत्रीय विधयाक इंजी.हरिबाबू राय को विद्युत विभाग के संविदा कार्मिकों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में प्रमुख विद्युत कम्पनियो मे कार्यरत संविदा कर्मियों को बिना किसी परीक्षा के संविलियन करने हेतु नीति बनाकर नियमित भर्ती प्रक्रिया होने के पूर्व नीति बनाकर नियमित(संविलियन) किया जाने की बात कहीं। वहीं संबिदा कर्मियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार उनकी मांगों को पूरा कर उन्हें नियमित नहीं करती है तो उग्र आंदोलन के लिये बाध्य होगे। साथ ही बताया कि वे अपनी मांगों से सरकार को कई बार विभिन्न माध्यमों से अवगत करा चुके हैं। हालांकि उन्हें अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं और कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस स्थिति से सभी कर्मियों में गहरा रोष व्याप्त है। यूनाइटेड फोरम संगठन के पदाधिकारी हेमंत शर्मा ने बताया संगठन के माध्यम से मध्य प्रदेश के सभी 55 जिले के कलेक्टर, सांसद, मंत्री,एवं विधायक को ज्ञापन दिया जा रहा है। सरकार ने हमारी बात को नहीं माना तो दीपावली के बाद 2 नवंबर को मध्य प्रदेश के सभी जिलों के संविदा कर्मचारी एक दिन भोपाल में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया जायेगा। ज्ञापन देने के दौरान हेमंत शर्मा, बाबूलाल अहिरवार, सतीश मिश्रा, तेजपाल सेन, बाबूराम पटेल, प्रीतम अहिरवार, सुधीर कुमार, विभव गौतम, दशरथ प्रजापति सहित अन्य संविदा कर्मी मौजूद रहे।




**बैठक**

**नगर परिषद कार्यालय के पास वाले से लिये दीपक**

## विधायक ने स्थानीय बाजार से की दीपावली की खरीदी, दिया लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला के पश्चात क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव शुक्रवार की शाम नगर परिषद कार्यालय के पास स्थित दीपावली के सजाएं गए बाजार पहुंचे। यहां पर उन्होंने दीपावली पर्व की तैयारियों को लेकर सजाए गए बाजार का भ्रमण किया और स्थानीय दुकानदारों से दीपक, रुई, बत्ती, फल एवं सब्जियों की खरीदी की। विधायक द्वारा की गई यह खरीदी न केवल उत्सव की तैयारी का हिस्सा थी बल्कि लोकल फॉर वोकल के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का एक सराहनीय प्रयास भी रही। उन्होंने लोगों से अपील की कि दीपावली जैसे त्यौहारों में स्थानीय कारीगरों और छोटे व्यापारियों से सामान खरीदकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाएं उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम है। स्थानीय मिट्टी से बने दीये, हस्तनिर्मित सजावटी वस्तुएँ और घरेलू उत्पाद न केवल हमारी परंपरा को जीवित रखते हैं बल्कि अनेक परिवारों के आजीविका का साधन भी बनते हैं। इस दौरान विधायक यादव ने बाजार में मौजूद व्यापारियों से भी संवाद किया और उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली। नगरवासियों ने भी विधायक के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रेरणादायक पहल से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और छोटे व्यापारियों में उत्साह बढ़ेगा ।मिलने चाहिए। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा लॉकल फॉर बॉकल को बढ़ावा देने के लिए लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है।



## बंदियो को साक्षर करने दी पढ़ाई सामग्री

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** नई शिक्षा नीति 2020 के अध्याय 21 के अनुसार सबके लिए शिक्षा के क्रम में पूरे देश भर में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला जेल में बंदीयों को साक्षर करने के लिए पठन-पाठन सामग्री प्रदाय की गई। जिसमें रोलर बोर्ड ,वर्णमाला चार्ट ,फ्लेक्स, चौक बत्ती, अक्षर पोथी आदि सामग्री प्रदाय की गई। राहुल शर्मा डीपीसी ने बताया कि जिले में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष में दो बार परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं जिसमें राज्य द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार नव साक्षरों को परीक्षा में सम्मिलित किया जाता है उसी के क्रम में जिला जेल में बंदियों को साक्षर करने के लिए सामाग्री प्रदाय की गई है। जेल अधीक्षक ललित दीक्षित ने बताया कि वह बंदियों को एक निश्चित समय सीमा में साक्षर करने पहल चालू कर रहे हैं उसके क्रम में बंदी शिक्षित होकर स्वरोजगार से जुड़े एवं शिक्षा के महत्व को जाने इसी प्रयास को लेकर जिला जेल में उल्लास नवभारत साक्षरता के तहत सामाजिक चेतना केंद्र की स्थापना की गई है एवं इन बंदियों को पढ़ाने के लिए शिक्षक भी उपलब्ध कराए गए हैं।